Class -classVIII

Sub-Hindi 3rd Lang

Chapter-जैसे को तैसा

कुछ प्रमुख प्रश्न एवं उत्तर-

1. नादुक कौन था? उसके मित्र का क्या नाम था?
   उत्तर-नादुक के एक व्यापारी था। उसके मित्र का नाम लक्ष्मण था।
   2.नादुक अपने मित्र के पास क्यों पहुंचा?
   उत्तर-नादुक अपने मित्र लक्ष्मण के पास अपने लोहे के छड़ को छोड़ने गया था।
   3.नादुक विदेश क्यों गया था?
   उत्तर- नादुक विदेश व्यापार करने गया था।
   4. नादुक विदेश जाने से पहले किसके पास गया और क्यों?
   उत्तर-नादुक विदेश जाने से पहले लक्ष्मण के पास गया था। वह लक्ष्मण के पास अपने लोहे की छड़ को रखने गया था।
   5. लक्ष्मण ने नादुक की छड़ क्यों नहीं लौटाई?
   जब नादुक लक्ष्मण के घर अपनी लोहे की छड़ को वापस लेने के लिए गया तो लक्ष्मण के मन में बेईमानी आ गई थी वह उसे बेच कर पैसा कमाना चाहता था इसलिए उसने छड़ नहीं लौटाई।
   6 .नादुक लक्ष्मण के पुत्र को अपने साथ क्यों लेकर गया?
   उत्तर-नादुक लक्ष्मण के पुत्र को अपने साथ लेकर गया ताकि वह लक्ष्मण को सबक सिखा सके तथा अपनी लोहे की छड़ को वापस हासिल कर सके।
   7. नादुक की छड़ ना लौटानी पड़े इसके लिए लक्ष्मण ने क्या बहाना बनाया?
   उत्तर- नादुक की छड़ न लौटानी पड़े इसके लिए लक्ष्मण ने यह बहाना बनाया कि लोहे की छड़ को चूहे कुतर कर खा गए।
   8. नादुक और लक्ष्मण की बात सुनकर न्यायाधीश ने क्या फैसला सुनाया?
   उत्तर न्यायाधीश ने नाजुक को लक्ष्मण का बेटा लौटाने और लक्ष्मण को नादुक की लोहे की छड़ को लौटाने का आदेश दिया।

Write this question answer in your copy.